>

Title: Need to accord approval to the proposal of Government of Madhya Pradesh for declaring Bargi Left Bank Canal project as national project and sanction the required funds for the project.

श्री गणेश सिंह (सतना): मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध बना हुआ है। उसकी दायी तट नहर से जबलपुर, कटनी, सतना तथा रीवा जिले की 2,45,010 हैक्टेयर की सिंचाई प्रस्तावित है। इससे इन जिलों की 81,53,684 जनसंख्या लाभान्वित होगी। उक्त परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने हेतु राज्य सरकार ने मार्च 2010 में सभी मानदंडों को पूरा करके केन्द्र सरकार के पास 3797 करोड़ की वित्तीय सहायता हेतु भेजा है। मैं लगातार लोकसभा में इस लोक हित के मामले को उठाते हुए उक्त परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने की मांग करता रहा हूं।

माननीय जल संसाधन मंत्री ने 12 जून 2013 को इस संदर्भ में मेरे पत्र के जवाब में मुझे सूचित किया है कि उच्चाधिकार प्राप्त संचाल समिति की 17.02.2010 को आयोजित द्वितीय बैठक में बारगी बांध परियोजना को राष्ट्रीय परियोजनाओं की स्कीम में शामिल करने के प्रस्ताव की सिफारिश की गई थी। योजना आयोग तथा अन्य मंत्रालयों की टिप्पणियों के अनुपालन को शामिल करने के पश्चात् संशोधित ईएफसी टिप्पणी इस मंत्रालय में प्राप्त हुई थी। इस दौरान वित्त मंत्रालय ने सितम्बर, 2012 में कुछ टिप्पणियां की थी, जो 12वीं योजना में एआईबीपी और राष्ट्रीय परियोजनाओं की स्कीम जारी रखने से मूलतः संबंधित थी। राज्य सरकार ने अपने दिनांक 18.09.2012 के पत्र के माध्यम से योजना आयोग से संशोधित कार्यक्रम सहित बरगी बांध परियोजना के पूर्ण होने की तारीख को मार्च, 2013 से बढ़ाकर मार्च, 2017 करने का भी अनुरोध किया था। योजना आयोग ने अपने दिनांक 26.09.2012 के पत्र संख्या (220)/2004-डब्ल्यूआर के माध्यम से उपर्युक्त विस्तार को सहमति दे दी थी। ईएफसी ज्ञापन को संशोधित कर दिया गया है और यह इस मंत्रालय में विचाराधीन है।

मैं जल संसाधन मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जब यह मामला आपके मंत्रालय में विचाराधीन है तब उक्त विषय पर उचित कार्यवाही होने में इतना विलंब क्यों हो रहा है। आपसे पुनः अनुरोध है कि इस परियोजना को प्राथमिकता देते हुए अविलंब स्वीकृति देने की कृपा करें।